हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, गुरुवार 8 जनवरी 2026

11 कायाकल्प टीम ने किया अस्पताल का निरीक्षण




12 अनुज गुप्ता की स्मृति में 80 मेधावी छात्राओं को दी छात्रवृत्ति



## खबर संक्षेप

### बिजली उपभोक्ताओं की आज होगी सुनवाई

**झज्जर।** उपभोक्ताओं की बिजली एवं बिजली बिल से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निवारण के उद्देश्य से वीरवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक चेयरमैन जोनल फॉर्म उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम रोहतक द्वारा चीफ इंजीनियर ओपी, प्रवर्तन परिमंडल, राजीव गांधी विद्युत सदन, पॉवर हाऊस, रोहतक स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में सुनवाई की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान चेयरमैन, चीफ इंजीनियर जोनल फॉर्म रोहतक स्वयं उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनेंगे तथा उनका त्वरित निवारण सुनिश्चित करेंगे।

### ब्राह्मण महासभा का सम्मान समारोह 11 को

**झज्जर।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा द्वारा आगामी 11 जनवरी को मेन बाजार स्थित जांगिड़ धर्मशाला में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष प्रवीण जांगड़ा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जहां समाज की एकता को सुदृढ़ बनाने व समाजहित से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। वहीं जिला स्तरीय प्रतिभा व वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया जाएगा।

### आईटीआई में दो सीटों पर होगा चयन

**बहादुरगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहादुरगढ़ में शिक्षुता अधिनियम 1961 के अंतर्गत कोपा की एक तथा इंग्लिश स्टेनो की एक सीट के लिए शिक्षुओं का चयन किया जाना है। प्रधानाचार्या के अनुसार इच्छुक उम्मीदवार अपना रजिस्ट्रेशन व आवेदन ऑनलाइन वेबसाइट पर 10 जनवरी तक कर सकते हैं।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली छीनने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** मांडोठी पुलिस चौकी क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉली छीनने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छीना गया ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद कर लिया है। गांव छारा निवासी संदीप व सुमित को नियमानुसार अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले में 6 जनवरी को सतीश निवासी गांव छारा की शिकायत पर थाना आसौदा में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### संजीत बने भारत रक्षा मंच के प्रदेश महामंत्री

**बहादुरगढ़।** गुरुग्राम के माधव भवन में भारत रक्षा मंच की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई। जिसमें बहादुरगढ़ निवासी संजीत सूरजभान राठी को महामंत्री का दायित्व सौंपा गया। भारत रक्षा मंच का गठन करीब 15 वर्ष पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक सूर्यकांत केलकर द्वारा किया गया था। संजीत राठी ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणजीत सॉगले, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अशोक आचार्य, राष्ट्रीय संगठन मंत्री महावीर, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शशांक चोपड़ा, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री प्रशांत कोतवाल, संगठन मंत्री उत्तर क्षेत्र सत्यवान बिरला का आभार जताया।

*5 वर्षों में 10 बार सीएम विंडो पर शिकायत कर चुके नहीं सुधरे हालात*

# माजरा में सप्ताह में केवल दो दिन आती है वाटर सप्लाई, 70 फीसदी आबादी पानी खरीदने को मजबूर

- 57 साल पहले बने पानी के टैंक की उचित सफाई नहीं होने से पेयजल व्यवस्था के हालात बने बदतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

करीब दस हजार से अधिक लोगों की आबादी वाले गांव माजरा के लोग पानी खरीद कर पीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पेयजल व्यवस्था के सुधारीकरण के लिए जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही परियोजना भी अधर में है। जन स्वास्थ्य विभाग की वाटर सप्लाई सप्ताह भर में केवल दो बार आने के कारण गांव में करीब सत्तर फीसदी घर निजी सप्लायरों द्वारा दिए गए प्राइवेट कनेक्शन पर निर्भर है। डॉ. दयानंद कादियान के अनुसार



झज्जर। माजरा गांव के वाटर वर्क्स में टैंक की सफाई करते हुए कर्मचारी।

वे सीएम विंडो पर भी बार-बार इसकी शिकायत दे चुके हैं लेकिन आज तक उनके घर पेयजल कनेक्शन नहीं हो पाया। 5 वर्षों के अरसे में 10 बार इसकी शिकायत सीएम विंडो पर भी दर्ज हो चुकी है, परंतु विभाग झूठे आंकड़े देकर इस गांव को अनुपचारित पेयजल सप्लाई का पानी पीने के लिए मजबूर कर रहा है। बहुत सी कॉलोनी में पाइपलाइन भी नहीं बिछी है, जबकि पाइपलाइन का बजट तीन बार आ चुका है, जिसके कारण ग्रामीणों में रोष बना हुआ है।

### 1968 में बने एसएस टैंक की स्थिति जर्जर

ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 1968 का बना एक एसएस टैंक जर्जर होकर सड़े तालाब से भी बदतर हो गया है। टैंक में सफाई की औपचारिकता के बाद भी नीचे गाद छोड़ दी गई। ऐसे में दूषित पेयजल सप्लाई हो रहा है। वाटर वर्क्स और लोहारू कैनाल पर पंपिंग सेटों की मोटरों की क्षमता भी बिल्कुल कम है। पाइप लाइन बिछाने के काम में बहुत ही तकनीकी अनियमिताएं बरती गई हैं, जिस कारण कई कॉलोनियों में पानी नहीं पहुंच पाता।

### ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग में भी उठ चुका मामला

ग्रामीणों के अनुसार बीती 30 जुलाई को वे ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग में भी मामला उठा चुके हैं। प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने गांव के हर घर को प्रतिदिन 500 लीटर पेयजल की आपूर्ति देने के दिशा-निर्देश दिए दिए थे, लेकिन विभाग द्वारा इस दिशा में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया।

### 90% हो चुका पाइप लाइन का कामः एसडीओ

**ग्रामीण करवा सकते हैं नए कनेक्शन**

जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ वीरेंद्र मोहर ने बताया कि गांव में स्थित वाटर टैंकों की सफाई की जा चुकी है। सरकार द्वारा शुरू की गई परियोजना के अंतर्गत नई पेयजल सप्लाई लाइन बिछाने का कार्य भी करीब नब्बे फीसदी पूरा हो चुका है, जिसके चलते ग्रामीणों द्वारा अपने स्तर पर पेयजल कनेक्शन लिए गए हैं। विभाग द्वारा दिए गए नए कनेक्शन के बाद वहां रिपेयरिंग का कार्य भी चलाया जा रहा है। मामला सीएम विंडो व ग्रीवेंस कमेटी मीटिंग तक पहुंचने के बाद सरकार द्वारा ग्रामीणों से कहा गया है कि वे अपने खर्चे पर नए कनेक्शन करवा सकते हैं। ऐसे में कुछ ग्रामीणों द्वारा नए कनेक्शन अभी तक नहीं लिए गए। जिस कारण उन्हें परेशानी आ रही है।

## जलनिकासी के लिए कंसल्टेंट एक सप्ताह में बनाएंगे डीपीआर

# जलभराव से बचने को सभी 30 नालों को आपस में जोड़ेंगे

**ज्यादा परेशानी वाले क्षेत्र में पंपिंग सेट देने का सुझाव**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर में हर वर्ष बारिश के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या से स्थायी समाधान के लिए बुधवार को नगर परिषद और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कंसल्टेंट के साथ एक बैठक की। बैठक में जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति, पानी की निकासी के मौजूदा साधनों और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत मंथन किया गया। बैठक के दौरान शहर के ज्यादा जलभराव वाले इलाकों के बार में चर्चा हुई। निर्णय हुआ कि एक सप्ताह के भीतर कंसल्टेंट द्वारा विस्तृत रिपोर्ट यानी डीपीआर तैयार की जाएगी। इस रिपोर्ट में जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी निकासी की पूरी योजना और शहर के सभी 30 नालों को आपस में जोड़ने का खाका शामिल होगा।

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अरुण नांदल की उपस्थिति में हुई बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने की। बैठक में कंसल्टेंट द्वारा किए गए सर्वे की रिपोर्ट अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट में बताया गया कि बहादुरगढ़ के विवेकानंद नगर, बराही फाटक, सेक्टर-2, बालौर चौक, मांडोठी बाजार, सेक्टर-6 और महावीर पार्क सहित कई क्षेत्रों में बारिश के दौरान गंभीर जलभराव की स्थिति बन जाती है। कंसल्टेंट ने सुझाव दिया कि इन क्षेत्रों में पानी की निकासी पंपिंग सेट और ग्रेविटी के अनुसार की जा सकती है। निकाला गया पानी वेस्ट जुआं ड्रेन और मुंगेशपुर ड्रेन में प्रवाहित किया जाएगा। चेयरपर्सन सरोज राठी के अनुसार कंसल्टेंट द्वारा किए गए सर्वे के आधार पर ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जाएगा ताकि आने वाले वर्षों में नागरिकों को जलभराव से राहत मिल सके।



बहादुरगढ़। बैठक में जलनिकासी को लेकर चर्चा करते अधिकारी।

### डीपीआर के हिसाब से बजट होगा तैयार : ईओ

ईओ अरुण नांदल ने बताया कि कंसल्टेंट एक सप्ताह के भीतर डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करेंगे। इस रिपोर्ट में जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी की निकासी की पूरी योजना और शहर के सभी 30 नालों को आपस में जोड़ने का खाका शामिल होगा। डीपीआर के आधार पर बजट स्वीकृत कराकर जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा। इस मौके पर पालेराम शर्मा, एमई जोगेंद्र सिंधु, जेई आकाश, एसडीओ नितिन, जेई अतुल त्यागी व पार्षद राजेश तंवर आदि मौजूद रहे।

## हड़ताल से लौटे सफाई कर्मचारियों को जल्द मिलेगा वेतन, 3.60 करोड़ मंजूर



बहादुरगढ़। पेमेंट अप्रूवल कमेटी की बैठक लेते डीएमसी जगनिवास।

**बहादुरगढ़।** नगर परिषद में बुधवार को डीएमसी जगनिवास की अध्यक्षता में पेमेंट अप्रूवल कमेटी की बैठक हुई। सेनिटेशन एवं डोर टू डोर कूड़ा उठान से संबंधित दो माह की लंबित पेमेंट को मंजूरी दी गई। इस मद में करीब 3 करोड़ 60 लाख रुपये की राशि के भुगतान को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा नगर परिषद क्षेत्र में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों के लिए लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की पेमेंट को भी अप्रूव किया गया है। बैठक में विशेष रूप से नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी व कार्यकारी अधिकारी अरुण नांदल उपस्थित रहे। सफाई कार्यों की लंबित पेमेंट को मंजूरी मिलने से नगर परिषद को बड़ी राहत मिली है। इससे सफाई कर्मचारियों को उनकी बकाया सैलरी का भुगतान अब सुचारू रूप से किया जा सकेगा। बता दें कि सफाई कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर तीन दिन तक हड़ताल की थी। जल्द वेतन के आश्वासन पर हड़ताल खत्म करवाई गई थी। बैठक में पालेराम शर्मा, एक्सईएन पंकज सैनी, एमई नवीन देशवाल, जेई नीरज आदि मौजूद थे।




बहादुरगढ़। प्लास्टिक मिलने पर दुकानदार का चालान काटते नप अधिकारी।

## सिंगल यूज प्लास्टिक रखने पर 5 दुकानदारों पर जुर्माना

- नगर परिषद और प्रदूषण नियंत्रण विभाग की संयुक्त टीम का औचक छापा, 64 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री बरामद की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक को लेकर नगर परिषद और प्रदूषण नियंत्रण विभाग की संयुक्त टीम ने सख्त कार्रवाई की। टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में औचक निरीक्षण करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले 5 दुकानदारों के चालान काटे और उन पर कुल 56 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

पालिका अभियंता जोगेंद्र सिंधु, सफाई निरीक्षक सुनील हुड्डा व जेई आशीष कौशिक के अनुसार कार्रवाई के दौरान टीम ने दुकानों से लगभग 64 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री बरामद करने के साथ मौके पर ही जब्त कर ली गई। अधिकारियों ने बताया कि यह प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बेहद नुकसानदायक है और इसके उपयोग पर सरकार द्वारा पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद कुछ दुकानदार नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। नगर परिषद व प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में भी इस तरह के जांच अभियान लगातार जारी रहेंगे। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर और अधिक कड़ी कार्रवाई व भारी जुर्माना लगाया जाएगा। एमई जोगेंद्र सिंधु ने आम नागरिकों और व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल पूरी तरह बंद करें और कपड़े, कागज या अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को अपनाएं ताकि शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाया जा सके।

*सिटी मेट्रो स्टेशन के पास सड़क हादसा*

## थ्रीव्हीलर की टक्कर से बुजुर्ग घायल, आरोपी चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ऑटो ने एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग को सिर, मुंह और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित के बेटे ने इस संबंध में थाना शहर बहादुरगढ़ में शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायतकर्ता अनिल कुमार निवासी गांव कुलासी ने बताया कि 4 जनवरी की शाम करीब 8 बजे उनके पिता राजाराम ब्रह्मशक्ति अस्पताल से पुलिस कॉलोनी में स्थित घर लौट रहे थे। सिटी मेट्रो स्टेशन की ओर से आए एक ऑटो चालक ने तेज रफ्तार और घोर लापरवाही से ऑटो चलाते हुए उनके पिता को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने से राजा राम सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायल को संभाला। शिकायत के आधार पर ऑटो चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 व मोटर व्हीकल एक्ट 1988 की धारा 185 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस इस संबंध में आरोपी चालक की तलाश कर रही है।

# 70 एकड़ में बस रही दो अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़

- 400 मीटर की बाउंड्री वॉल, 1500 मीटर सड़क नेटवर्क व 10 ढांचों को गिराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बाइपास के निकट बालौर गांव के रकबे में बुधवार को जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। टीम ने अवैध ढांचों को गिराया। यहां करीब 70 एकड़ में आबाद हुई दो अनाधिकृत कॉलोनियों में 400 मीटर की बाउंड्री वॉल, लगभग 1500 मीटर सड़क नेटवर्क और 10 ढांचों पर जेसीबी की सहायता से तोड़ा गया। एसडीएम अभिनव सिवाच ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि लोग अपनी मेहनत की कमाई से बिना लाइसेंसशुदा कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों में निवेश करने से भविष्य में लोगों को कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि प्रशासन का उद्देश्य अवैध निर्माण पर रोक लगाना और नियोजित विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रखेगा। डीटीपी अंजू जून ने बताया कि गांव बालोर की राजस्व संपदा में अवैध निर्माण के खिलाफ नियमानुसार तोड़फोड़ अभियान चलाया गया। इस अवसर पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में एचएसपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी अभिषेक कौशिक के अलावा एसआई प्रवीण के साथ पुलिस बल मौजूद रहा।





बहादुरगढ़। गांव बालौर में अवैध निर्माण गिराती जेसीबी और मौके पर डीटीपी के साथ चर्चा करते एसडीएम व अन्य।

**प्रयास** | बीसीसीआई ने सीएम को दिए प्री-बजट सुझाव, उद्यमियों ने रखीं मांगें

# सांपला व खरखौदा को शामिल कर बहादुरगढ़ को बनाएं नया जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बुधवार को बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुग्राम में सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा हरियाणा विजन 2047 के अंतर्गत आयोजित प्री-बजट सत्र में भाग लेकर सीधा संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह से भी सार्थक संवाद किया।

बीसीसीआई ने खुले मंच के माध्यम से क्षेत्र की औद्योगिक आवश्यकताओं एवं समस्याओं को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। प्रतिनिधिमंडल में प्रधान सुभाष जग्गा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास आनंद दहिया (सोनी), केके सेठ व नरेंद्र छिकारा शामिल थे। उन्होंने क्षेत्र के समग्र औद्योगिक विकास को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव रखे। इनमें आसौदा से केएमपी तक मेट्रो विस्तार कर उसे बहादुरगढ़ से जोड़ने का प्रस्ताव बजट में शामिल करने की मांग की गई। सांपला एवं खरखौदा को सम्मिलित करते हुए बहादुरगढ़ को एक नए औद्योगिक जिले के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया गया।




बहादुरगढ़। कार्यक्रम में उद्यमियों का पक्ष रखने पहुंचे बीसीसीआई पदाधिकारी।

### फायर ब्रिगेड व्यवस्था सुधारें

उद्यमियों ने पूर्व में प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट हब के निर्माण का फिर से अनुरोध किया ताकि उद्योगों को माल ढुलाई के लिए दिल्ली न जाना पड़े। बहादुरगढ़ में अपर्याप्त फायर ब्रिगेड व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए आधुनिक फायर वाहन, उपकरण एवं प्रशिक्षित स्टाफ की तत्काल आवश्यकता के लिए अधिक बजट देने का अनुरोध किया। फुटवियर उद्योगों को विशेष सब्सिडी एवं प्रोत्साहन देने की मांग भी उठाई। सीएम ने आश्वासन दिया कि आगामी बजट में इन मांगों को सम्मिलित किया जाएगा।

# उद्योगपतियों ने सीएम को भेजे सुझाव, समस्याओं के त्वरित समाधान को लगे मासिक सिंगल विंडो

- बजट से पहले हरियाणा सरकार ने सुझाव किए हैं आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने बजट से पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्राचार द्वारा उद्योगों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रतिनिधिमंडल ने औद्योगिक विकास, श्रमिक कल्याण तथा पिछले वित्तीय वर्ष बजट में की गई घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित विषयों को विस्तार से सांझा किया। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने बताया कि उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों के बच्चों के लिए डे-केयर एवं शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार से सहयोग का अनुरोध किया। उन्होंने आगामी बजट में नई घोषणाएं करने से पूर्व पूर्ववर्ती घोषणाओं की समीक्षा करने का निवेदन किया। विपिन बजाज, प्रदीप कौल, सुरेंद्र वशिष्ठ, अशोक कुमार मित्तल, पुरुषोत्तम गोयल, सुनील गर्ग, तिलक राज गर्ग, रवि चमड़िया आदि ने कहा कि उद्योगों द्वारा अर्जित किए गए राजस्व का कुछ हिस्सा, पहले से चल रहे उद्योगों और औद्योगिक क्षेत्रों के विकास और निर्माण कार्यों में लगाया जाए। उद्योगों की समस्याओं एवं सुझावों के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए मासिक सिंगल विंडो प्रणाली स्थापित किए जाने का भी निवेदन किया गया।




# मेडिसिन पैकिंग पर मौजूद इन इंडिकेशंस पर करें गौर

आप भी अकसर डॉक्टर की प्रिस्क्रिप्शन पर या अपनी जानकारी के आधार पर मेडिकल स्टोर से दवा ले आते होंगे। लेकिन दवा लेते समय सावधानी रखें और उसकी पैकिंग पर दर्ज कुछ मार्क्स या इंडिकेशंस पर गौर करें। इनमें से कुछ के बारे में यहां बता रहे हैं।

**अवेयरनेस**
प्रतिभा अग्निहोत्री



हम सभी को कभी न कभी किसी रोग के उपचार में डॉक्टर के पास जाना ही पड़ता है। अकसर देखा जाता है कि डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्शन लेकर हम मेडिकल स्टोर पर जाते हैं और दवा लेकर चले आते हैं। कई बार कुछ दवाइयां बच भी जाती हैं और हम उन्हें उठाकर रख देते हैं। घर-परिवार में किसी अन्य सदस्य को वैसी ही बीमारी होने पर हम वही दवा उसे भी दे देते हैं या फिर प्रिस्क्रिप्शन देखकर अकसर मेडिकल स्टोर से बिना सोचे-विचारे, बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए दवा खरीदकर खा लेते हैं। इससे कई बार दवा का रिएक्शन हो जाता है और तबियत बिगड़ भी जाती है। कुछ दवाइयां ऐसी होतीं हैं, जिन्हें विशेष बीमारियों के लिए ही दिया जाता है। इनकी स्ट्रिप या पैकिंग पर कुछ निशान बने या इंडिकेशन लिखे होते हैं, जिन पर हम कभी ध्यान ही नहीं देते, जबकि इन्हें जानना अत्यंत आवश्यक होता है। ऐसी कोई भी दवाई आपके घर में है तो इन्हें लेने से पूर्व डॉक्टरी सलाह अवश्य लें।




**रेड कलर की लाइन:** सभी एंटीबायोटिक दवाइयों पर साइड में लाल रंग की एक धारी बनी होती है, जिसका तात्पर्य होता है कि इन्हें डॉक्टर की प्रिस्क्रिप्शन के बिना बेचा और खरीदा नहीं जा सकता। ये दवाइयां टी. बी., मलेरिया, यूरिनरी इंफेक्शन और एच. आई. वी. जैसी गंभीर बीमारियों में दी जाती हैं। रेड लाइन मार्क होने का उद्देश्य ही इनकी ओपेन सेलिंग पर रोक लगाना है।



**Rx(आरएक्स):** कुछ दवाइयों के नाम के सबसे ऊपर साइड में आरएक्स लिखा होता है। इसका मतलब है कि ऐसी दवाइयों का सेवन केवल डॉक्टर की सलाह से ही किया जा सकता है। इसे केवल वही खरीद सकता है, जिसे डॉक्टर ने अपने पर्चे पर लिखकर दिया हो। ऐसी दवाएं अपने मन से खरीदकर नहीं खानी चाहिए।

**NRx (एनआरएक्स):** यह भी कुछ दवाइयों के नाम के सबसे ऊपर ही लिखा होता है। चूंकि ये नशीली दवाइयां होतीं है। इसलिए इन्हें केवल वही डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन पर लिख सकते हैं, जिन्हें इन्हें लिखने का लाइसेंस प्राप्त हो और लाइसेंस होल्डर मेडिकल स्टोर ही इनको बेच सकते हैं। मस्तिष्क संबंधी और मिर्गी जैसी गंभीर मानसिक बीमारियां इसी केटेगरी में आती हैं।

**XRx(एक्सआरएक्स):** एक्सआरएक्स मार्क्ड दवाएं सीधे मेडिकल स्टोर से नहीं खरीदी जा सकती हैं। ये केवल उन डॉक्टरों के पास होती हैं, जिनके पास इनका लाइसेंस होता है। इसे डॉक्टर सीधे मरीज को दे सकते हैं। एनेस्थीसिया में दी जाने वाली दवाइयां इसी श्रेणी में आती हैं।

**H या Hx (एच या एचएक्स):** जिन दवाओं की पैकिंग पर यह मार्क किया हुआ होता है, वे बहुत खतरनाक दवाइयां होतीं हैं। ये स्वास्थ्यकर्मियों के लिए भी खतरनाक होती हैं। कीमोथेरेपी की दवाइयां इसी श्रेणी में आती हैं। इसलिए इन्हें विशेष रूप से हैंडल करने की आवश्यकता होती है। ये दवाएं सीधे मेडिकल स्टोर से नहीं खरीदी जा सकती हैं।

**शेड्यूल H1 ( एच वन):** यह प्रिंट भारतीय दवा कानून से संबंधित है। दवाओं की पैकिंग पर यह प्रिंट विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह दवाओं की एक विशेष श्रेणी है। इस प्रिंट की दवाएं हार्ड एंटीबायोटिक्स या ऐसी ही तेज दवाएं होती हैं। इन्हें बिना डॉक्टरी प्रिस्क्रिप्शन के नहीं खरीदा जा सकता। इनकी बिक्री के लिए मेडिकल स्टोर को अलग से परमिशन लेनी पड़ती है, उसका रिकॉर्ड रखना होता है।

दवा खरीदते समय इन इंडिकेशंस को ध्यान में रखना चाहिए और बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए कोई दवा नहीं खरीदनी चाहिए। *

**डॉक्टर्स एडवाइस**



डॉ. योगेश कुलकर्णी
हेड-गायनेकोलॉजिक ऑन्कोलॉजी, रोबोटिक सर्जन
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

देश-दुनिया में हर साल लाखों महिलाएं सर्वाइकल कैंसर की चपेट में आती हैं। समय पर जांच और उपचार न करवाने से बड़ी संख्या में महिलाओं की डेथ भी हो जाती है। जबकि अगर शुरुआत से ही बच्चियों और महिलाओं को इसके प्रति अवेयर किया जाए और बचाव के सभी संभव उपाय अपनाए जाएं तो इससे बचाव और उपचार संभव है। सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस मंथ (जनवरी) पर इस बारे में दे रहे हैं बहुत उपयोगी जानकारियां।

# सर्वाइकल कैंसर सुरक्षा के लिए अपनाएं बचाव के सभी उपाय

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर दुनिया भर में महिलाओं में होने वाला चौथा सबसे कॉमन कैंसर है। भारत में यह स्थिति और भी गंभीर है, जहां हर साल लगभग 1.25 लाख नए मामले सामने आते हैं और लगभग 75,000 महिलाओं की मृत्यु इस बीमारी के कारण हो जाती है। सबसे दुःखद बात यह है कि जानकारी के अभाव में अधिकांश महिलाएं अस्पताल तब पहुंचती हैं, जब बीमारी अंतिम चरण में होती है।

## सर्वाइकल कैंसर का कारण

सर्वाइकल कैंसर, गर्भाशय के निचले हिस्से (जिसे 'सर्विक्स' या गर्भाशय ग्रीवा कहा जाता है) की कोशिकाओं में विकसित होता है। इस कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) है। यह वायरस यौन संपर्क के माध्यम से फैलता है। हालांकि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अकसर इस वायरस से लड़ लेती है, लेकिन कुछ मामलों में यह वायरस वर्षों तक शरीर में बना रहता है और अंततः कैंसर का रूप ले लेता है। यदि एचपीवी संक्रमण को पहचाना नहीं गया और उसका समय पर इलाज नहीं किया गया, तो गर्भाशय ग्रीवा की असामान्य कोशिकाएं कैंसर का रूप ले सकती हैं।

## वैक्सीनेशन से मिलती है सुरक्षा

सर्वाइकल कैंसर से बचने का सबसे प्रभावी तरीका एचपीवी वैक्सीन है। यह टीका शरीर में उन विशिष्ट (एचपीवी) वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी बनाता है, जो कैंसर के लिए जिम्मेदार होते हैं। इस बारे में कुछ बातें जानना आपके लिए बहुत आवश्यक है।






**सही उम्र:** टीकाकरण का लाभ तब सबसे अधिक होता है, जब यह वायरस के संपर्क में आने से पहले, यानी यौन सक्रिय होने से पहले दिया जाए। विशेषज्ञों का मानना है कि 9 से 14 वर्ष की उम्र सबसे उपयुक्त होती है क्योंकि इस दौरान शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया सबसे मजबूत होती है। 15 से 45 वर्ष की महिलाएं भी यह टीका लगवा सकती हैं। हालांकि उम्र बढ़ने के साथ इसकी प्रभावशीलता थोड़ी कम हो सकती है, लेकिन यह फिर भी कैंसर से सुरक्षा प्रदान करता है।

**वैक्सीन डोज:** वैक्सीन की डोज, महिला की आयु पर निर्भर करती है। 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों को 2 डोज लगवानी होती है। पहली डोज के 6 महीने बाद दूसरी डोज। जबकि 15 से 45 वर्ष आयु की किशोरियों और महिलाओं को 3 डोज लगावानी होती है। पहली डोज के 1-2 महीने बाद दूसरी और 6 महीने बाद तीसरी। यदि किसी महिला की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) बहुत कमजोर है, तो उन्हें डॉक्टर 3 खुराक की सलाह दे सकते हैं, भले ही उनकी उम्र 15 वर्ष से कम हो। स्वदेश निर्मित वैक्सीन लॉन्च हो चुकी है। यह वैक्सीन विदेशी टीकों की तुलना में काफी सस्ती है।

## स्क्रीनिंग क्यों है जरूरी

सिर्फ वैक्सीन लगवाना ही काफी नहीं है। 30 वर्ष की आयु के बाद हर महिला को नियमित रूप से पैप स्मीयर या एचपीवी डीएनए टेस्ट करवाना चाहिए। ये टेस्ट कैंसर होने से पहले की स्थिति का पता लगा लेते हैं, जिससे समय रहते इलाज संभव हो पाता है।

## ये लक्षण कभी न करें इग्नोर

शुरुआती चरणों में इस कैंसर के कोई विशेष लक्षण नहीं दिखते हैं लेकिन बीमारी बढ़ने पर कुछ लक्षण सामने आ सकते हैं।

- पीरियड्स के बीच में या शारीरिक संबंध के बाद असामान्य रक्तस्राव।
- मेनोपॉज (मासिक धर्म बंद होने) के बाद ब्लीडिंग होना।
- योनि (वेजाइना) से दुर्गंधयुक्त सफेद या गुलाबी पानी आना।
- पेल्विक एरिया (पेड़ू) में लगातार दर्द रहना।

## सर्वाइकल कैंसर का उपचार



यदि किसी महिला में स्क्रीनिंग के दौरान सर्वाइकल कैंसर की पुष्टि होती है, तो इसका उपचार कैंसर के चरण (स्टेज), ट्यूमर के आकार और महिला की उम्र के आधार पर तय किया जाता है। यदि शुरुआती चरणों में पता चल जाए, तो यह पूरी तरह ठीक हो सकता है। उपचार के मुख्य तरीके निम्नलिखित हैं-

**सर्जरी:** जब कैंसर केवल गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) तक सीमित होता है, तो डॉक्टर सर्जरी की सलाह देते हैं।

**कोन बायोप्सी:** इसमें केवल कैंसर प्रभावित हिस्से को हटाया जाता है, जिससे महिला भविष्य में गर्भधारण कर सकती है।

**हिस्टेरेक्टॉमी:** इसमें गर्भाशय और ग्रीवा को पूरी तरह से निकाल दिया जाता है। यह आमतौर पर तब किया जाता है जब कैंसर फैलने का डर हो।

**रेडिएशन थेरेपी:** इसमें उच्च ऊर्जा वाली किरणों (जैसे एक्स रेज) का उपयोग कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए किया जाता है। यह दो तरह की होती है-

**एक्सटर्नल बीम रेडिएशन:** शरीर के बाहर से किरणों को ट्यूमर पर लक्षित किया जाता है।

**ब्रेकीथेरेपी:** इसमें रेडियोधर्मी सामग्री को शरीर के भीतर कैंसरग्रस्त भाग के पास रखा जाता है।

**कीमोथेरेपी:** इसमें शक्तिशाली दवाओं का उपयोग किया जाता है जो रक्त के माध्यम से पूरे शरीर में फैलती हैं और कैंसर कोशिकाओं को मारती हैं। अकसर बेहतर परिणामों के लिए रेडिएशन और कीमोथेरेपी को एक साथ (कीमोरेडिएशन) दिया जाता है।

**टार्गेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी:** इसमें एडवांस्ड चरणों में, ऐसी दवाओं का उपयोग किया जाता है, जो केवल विशिष्ट कैंसर कोशिकाओं पर हमला करती हैं या शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को कैंसर से लड़ने के लिए मजबूत बनाती हैं।

**उपचार के बाद निगरानी:** इलाज पूरा होने के बाद भी नियमित जांच अत्यंत आवश्यक है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कैंसर वापस नहीं आ रहा है। हेल्दी डाइट और डॉक्टर के बताए निर्देशों का पालन रिकवरी में मदद करता है।

## इससे बढ़ता है रिस्क

मोटापा, सर्वाइकल कैंसर का जोखिम भरा कारक है। इसलिए इसे कंट्रोल करने के लिए संतुलित पौष्टिक आहार ग्रहण करना और नियमित रूप से व्यायाम करना आवश्यक है। जो महिलाएं मोटापे से ग्रस्त नहीं हैं, उन्हें भी अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए और अपने डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लेकर हेल्दी डाइट ग्रहण करना चाहिए। किसी भी तरह का मादक पदार्थ और तंबाकू का सेवन हानिप्रद है। कई लोगों के साथ यौन संबंध बनाने से बचने और कंडोम का उपयोग करने से एचपीवी के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

### रोकथाम में आहार का महत्व

**सर्वाइकल कैंसर** की रोकथाम में स्वास्थ्यकर आहार की भी अपनी भूमिका है। एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर खाद्य पदार्थों जैसे, फलों और सब्जियों का नियमित रूप से सेवन करने से एचपीवी संक्रमण और गर्भाशय ग्रीवा में इसके कारण होने वाले सेलुलर परिवर्तनों से सफलतापूर्वक निपटने में मदद मिल सकती है। विटामिन-ए, विटामिन-सी, डी, ई, फोलेट और फ्लेवोनोइड जैसे पोषक तत्व गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।



**फिटनेस**
डॉ. माजिद अलीम

स्ट्रेचिंग केवल वार्मअप का तरीका नहीं होती है। इसे सही तरीके से रेग्युलर किया जाए तो इससे कंप्लीट एक्सरसाइज के फायदे हासिल किए जा सकते हैं। इससे क्या फायदे होते हैं, इसके प्रमुख प्रकार कौन से हैं, बता रहे हैं यहां।

# कंप्लीट एक्सरसाइज है स्ट्रेचिंग

आमतौर पर मानते हैं कि स्ट्रेचिंग, सिर्फ यह होती है कि कमर झुकाओ और अपने पैरों को छू लो। स्ट्रेचिंग, वर्कआउट से पहले केवल वार्म-अप करना भी नहीं है बल्कि यह अपने आप में एक्सरसाइज है।

## होते हैं कई फायदे

स्ट्रेचिंग से दिल और दिमाग रिलैक्स होता है और रोजमर्रा के जीवन के तनावों को दूर करने में मदद मिलती है। शरीर को भी इससे बहुत फायदा मिलता है। इसीलिए स्ट्रेचिंग को एक कंप्लीट एक्सरसाइज माना जाता है क्योंकि इससे शरीर में फ्लेक्सिबिलिटी (लचीलापन) बढ़ती है। स्ट्रेचिंग से मांसपेशियों और जोड़ों की रेंज ऑफ मोशन बढ़ती है, जिससे शरीर ज्यादा सक्रिय और लचीला बनता है।

## बेहतर होता है ब्लड सर्कुलेशन

जब हम स्ट्रेच करते हैं, तो मांसपेशियों में रक्त प्रवाह बढ़ता है। यह ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की आपूर्ति बढ़ाकर ऊतकों की सेहत सुधारता है। इससे तनाव और मानसिक थकान भी कम होती है। धीमी और गहरी स्ट्रेचिंग, खासकर सांस पर फोकस के साथ, मानसिक तनाव को कम करती है। कई बार इसे मेडिटेटिव (ध्यानात्मक) गतिविधि के रूप में भी अपनाया जाता है।

## मांसपेशियां होती हैं मजबूत



नियमित स्ट्रेचिंग से मांसपेशियों की लंबाई और संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है, जो शरीर की सही मुद्रा को सपोर्ट करता है। इसीलिए संतुलित फिटनेस कार्यक्रम की एक मुख्य कड़ी के रूप में स्ट्रेचिंग को चिन्हित किया जाता है। इससे चोट लगने का खतरा कम होता है, शरीर की मूवमेंट बढ़ जाती है, बॉडी रिलैक्स होती है, एक्सरसाइज परफॉर्मेंस बढ़ जाता है, पोस्चर बेहतर होता है और शरीर लचीला और सतर्क रहता है।



## किसे स्ट्रेच करना चाहिए

स्ट्रेचिंग सभी के लिए अच्छी है। आपका रूटीन कैसा भी हो। स्ट्रेचिंग के लाभ अनगिनत हैं। क्योंकि स्ट्रेचिंग संतुलित फिटनेस कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्ट्रेचिंग के लाभों के बारे में जो निरंतर शोधों से पुष्टि हो रही है, उससे प्रभावित होकर अमेरिकन कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन ने संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ के लिए अपने दिशा निर्देशों में स्ट्रेचिंग को भी शामिल किया है।

## एथलीट्स के लिए लाभदायक

लगातार दौड़ने से मांसपेशियों में अकड़ाहट बढ़ जाती है और लचीलापन कम हो जाता है। ऐसे में धावकों के लिए स्ट्रेचिंग न सिर्फ लचीलापन लाती है, बल्कि उनका सामान्य चोटों से भी बचाव करती है जैसे फुटबॉल से जुड़ी कमर की समस्या, कंधे में सूजन, टेनिस एलबो जिनका संबंध अन्य स्पोर्ट्स से है जैसे टेनिस, या घुटने की समस्या जो दौड़ने या स्क्वैश के कारण होती है।

## कमर दर्द में कारगर

कमर के निचले हिस्से में दर्द का मुख्य कारण कम लचीलापन और हैमस्ट्रिंग्स होता है। ध्यान रखें कि जो मांसपेशी निरंतर सिकुड़ी हुई रहती हैं, उसे शांत करने के लिए अधिक ऊर्जा की जरूरत होती है। स्ट्रेचिंग से स्पाइन रिलैक्स होती है, जिससे मस्कुलर टेंशन दूर होती है। स्ट्रेचिंग से पोस्चर की अधिकतर समस्याएं मांसपेशियों में टाइटनेस के कारण खराब एलाइनमेंट की वजह से होती है। स्ट्रेचिंग से सॉफ्ट टिश्यु स्ट्रेचिंग रिएलाइन हो जाते हैं और पोस्चर ठीक रहता है। इसलिए स्ट्रेचिंग को फिटनेस रूटीन में जरूर शामिल करें।



## कुछ इफेक्टिव स्ट्रेचिंग

आपको कुछ इफेक्टिव स्ट्रेचिंग के बारे में यहां बता रहे हैं।

**कॉफ स्ट्रेचिंग:** सीधा पैर आगे बढ़ाते हुए बड़ा कदम लें, सीधा पैर मुड़ा हुआ, उल्टा पैर सीधा अपने कूल्हों को आगे की तरफ मुड़े हुए घुटने की ओर बढ़ाएं। दोनों पैरों को आगे की ओर प्वाइंट करें और उल्टी एड़ी को जमीन पर लटकने दें। थोड़ी देर ऐसे ही रूकें और फिर साइड बदल लें। जांघ का अगला हिस्सा- सीधे खड़े हो जाएं। सीधे पैर को सीधे हाथ से पकड़ लें। अपने पैर को कूल्हे की ओर लाएं, घुटनों के साथ रखते हुए। थोड़ी देर रुकें और फिर दूसरे पैर से दोहराएं।

**जांघ का पिछला हिस्सा:** एक पैर को आहिस्ता से उठाएं और किसी उठी हुई जगह पर रख लें, जैसे पार्क बैंच। अपने कूल्हों को स्क्वेयर रखते हुए, अपने पेट से झुकें और शरीर के ऊपरी हिस्से को आगे की ओर झुकाएं। थोड़ी देर रुकें और फिर दूसरे पैर से इसी प्रक्रिया को दोहराएं।

**वेस्ट स्ट्रेचिंग:** पैरों को कंधे की सीध में चौड़ा कर लें, घुटने थोड़े से मुड़े हुए हों और पैर के अंगूठे सीधे प्वॉइंट करते हुए, सीधे हाथ को कूल्हे पर रख लें और उल्टे हाथ को सिर के ऊपर ले जाएं। आहिस्ता से वेस्ट पर बेंड करें साइड में और एक मिनट तक ठहरें। दूसरी साइड से भी ऐसा ही दोहराएं।

**ऊपरी कमर की स्ट्रेचिंग:** इसके लिए सीधे खड़े होकर आगे की ओर हाथों को ऐसे बांध लें कि कमर के ऊपरी हिस्से में स्ट्रेचिंग महसूस हो। स्ट्रेचिंग के दौरान सिर को नीचा करें ताकि चिन सीने के करीब आ जाए।

**नेक स्ट्रेचिंग:** अपना सिर दाईं तरफ झुका लें जिससे कान, कंधे के करीब हों फिर बीच में आ जाएं। अब दूसरी साइड से भी ऐसा करें।

**कंधों का स्ट्रेच:** सीधे हाथ को सीने पर समतल क्रॉस कर लें। बांया हाथ उस पर कोहनी के पास रख लें, सीधे हाथ को सीने की ओर खींचें।

**चेस्ट स्ट्रेचिंग:** बैठकर अपने दोनों हाथ कमर पर रखें फिर दोनों हाथों को आपस में बांध लें और हाथों को ऊपर उठाएं ताकि पेक्टोरल्स में स्ट्रेच महसूस हो। *

**हर्बल जोन**
रेखा देशराज

कुछ समय पूर्व जानकारी सामने आई कि हल्दी को 'हर्ब ऑफ द ईयर' चुना गया है। इससे दुनिया भर में हल्दी के औषधीय गुणों को और महत्ता मिलेगी। हल्दी में कौन से हैं वे विशेष गुण, जिनकी वजह से इसे यह तमगा मिला, आप जरूर जानना चाहेंगे।

# दुनिया कर रही स्वीकार हल्दी के औषधीय गुण



अंतरराष्ट्रीय जड़ी बूटी संघ (आईएचए) ने साल 2026 के लिए हल्दी को 'हर्ब ऑफ द ईयर' चुना है। यह एक पूर्व निर्धारित चयन है। दरअसल, आईएचए हर साल किसी एक जड़ी-बूटी को उसके औषधीय, पाक या सौंदर्य गुणों के कारण उस साल विशेष की जड़ी-बूटी का खिताब देता है और साल 2026 के लिए यह सेहरा हल्दी के सिर बंधा है।

**इसलिए मिला यह तमगा:** सवाल है, इस साल हल्दी को यह श्रेय क्यों मिला है? दरअसल, यह सदियों से आयुर्वेद की एक औषधीय जड़ी के साथ-साथ भारत में स्वाद और मसाले के रूप में प्रयुक्त होती रही है। इसके कई चिकित्सकीय और स्वास्थ्यरक्षक गुणों के कारण हाल के सालों में हल्दी पर जितने शोध हुए हैं, उतने शोध किसी और जड़ी-बूटी के हिस्से नहीं आए और इन शोधों से पता चला है कि हल्दी को हम जितना महत्वपूर्ण मानते हैं, वह उससे भी अधिक है। इसलिए आईएचए ने साल 2026 के लिए हल्दी को 'साल की जड़ी बूटी' के रूप में चुना है। इसके कारण अब हल्दी की लोकप्रियता पहले से कई गुना ज्यादा हो जाएगी।



**कई रूपों में उपयोगी:** हल्दी को सदियों से भारत और दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में स्वास्थ्य, सौंदर्य, मसाले और औषधि के रूप में जाना जाता रहा है। चूंकि पिछले कई सालों से हल्दी को लेकर दुनिया में कई तरह के शोध अध्ययन हुए हैं, जिनमें पाया गया है कि हल्दी इम्यूनिटी बढ़ाने, शरीर के सूजन को नियंत्रित करने और एंटीऑक्सीडेंट्स के गुणों से भरपूर होती है। इसलिए उसे इस साल जड़ी बूटियों की महारानी होने का गौरव हासिल हुआ है।

**भारत में सर्वाधिक उत्पादन:** दुनिया में जितनी हल्दी का उत्पादन होता है, उसमें 80 फीसदी हल्दी भारत में ही पैदा होती है। इसलिए दुनिया भर में जो हल्दी पाई जाती है, उसमें 70 से 80 फीसदी हिस्सा भारतीय हल्दी का ही होता है। अब क्योंकि हल्दी को इस साल की प्रमुख जड़ी-बूटी का खिताब मिला है, इस कारण इसका महत्व और बढ़ जाएगा। अभी तक हल्दी को लोग भारतीय मसाला या दादी-नानी का औषधीय नुस्खा माना करते थे, पर अब हर्ब ऑफ द ईयर टैग पाने के बाद यह फोक या लोकल मेडिसिन से निकलकर वैज्ञानिक और ग्लोबल वेलनेस के फ्रेमवर्क का मुख्य हिस्सा बन गई है। इस कारण अब हल्दी को स्टैंडर्ड हर्ब मान लिया गया है।



**हो रहे हैं नए रिसर्च:** अब दुनिया के दर्जनों यूनिवर्सिटीज में हल्दी को लेकर नए-नए एंगल से रिसर्च हो रहे हैं। अनेक फार्मास्युटिकल कंपनियां इसके विभिन्न उत्पादों का ट्रायल कर रही हैं। न्यूट्रास्यूटिकल प्रोडक्ट डेवलपमेंट में भी हल्दी का कोई सानी नहीं है, क्योंकि हर्ब ऑफ द ईयर का तमगा पाने के बाद पूरी दुनिया इस पर निवेश करने के लिए तैयार है। यही कारण है कि हल्दी अब केवल किचन का हिस्सा नहीं है, यह लैब और क्लीनिक का भी विषय बन गई है। इस साल हमें हल्दी के कई नए उत्पाद देखने को मिलेंगे। जैसे- दुनिया की कई फार्मा कंपनियां, हल्दी आधारित इम्यूनिटी शॉट्स जैसा प्रोडक्ट लाने की तैयारी में हैं। स्किन केयर में हल्दी अब पूरी दुनिया में महत्वपूर्ण हर्ब मान ली गई है और इस साल दर्जनों स्किन केयर क्रीम हल्दी को लेकर आएंगी। स्पोर्ट्स न्यूट्रिएंट्स में भी अब हल्दी का भरपूर यूज किए जाने की उम्मीद है। माइक्रो-डोज, कैप्सूल, चाय आदि के नए रूपों में भी हल्दी सामने आ सकती है। *

## कायाकल्प की टीम ने किया नागरिक अस्पताल का निरीक्षण

# इमरजेंसी में जंग लगे औजारों को बदलें बायोमेडिकल वेस्ट के लिए छोटे कंटेनर हों

स्वास्थ्य सेवाओं व स्वच्छता व्यवस्था पर टीम ने दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सरकारी अस्पतालों में स्वच्छता और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को कायाकल्प की टीम द्वारा स्थानीय नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया गया। टीम में शामिल डॉक्टर अनामिका बिश्नोई, डॉक्टर हरप्रीत सिंह व डॉक्टर जयपाल ने अस्पताल की ओपीडी, एमरजेंसी व वार्डों के अलावा अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण उपरांत टीम सदस्य स्वास्थ्य सेवाओं व स्वच्छता व्यवस्था से संतुष्ट दिखाई दिए। टीम सदस्यों ने निरीक्षण के दौरान मिली आंशिक कमियों को दूर करने के दिशा-निर्देश भी अस्पताल प्रबंधन अधिकारियों को दिए। टीम प्रमुख डॉक्टर अनामिका बिश्नोई ने बताया कि एमरजेंसी सेवाओं में जंग लगे औजार समय सीमा में नियमानुसार बदले जाने की हिदायत दी गई। इसके अलावा अस्पताल में बने हर्बल पार्क में लगे सभी पेड़-पौधों को चिन्हित किया जाए तथा बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन के दौरान छोटे साइज के कंटेनर लगाने का परामर्श दिया गया है। इसके अलावा टीम सदस्यों द्वारा अस्पताल में आने वाले मरीजों की सुविधा का ध्यान रखने, उनके साथ विनम्र व्यवहार रखने व पानी निकासी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

आंशिक कमियों को दूर करने के निर्देश दिए



झज्जर। नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करते हुए कायाकल्प टीम सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### अफरा-तफरी का रहा माहौल

कायाकल्प की टीम आने की पूर्व सूचना के चलते अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल रहा। सभी स्वास्थ्यकर्मी अपनी ड्यूटी पर सजग दिखाई दिए। अस्पताल के फर्श को चमकाया गया, वहीं शौचालयों को चकाचक किया गया। इसके अलावा नियमित ओपीडी के दौरान भी लोगों की अपेक्षाकृत कम भीड़ रही।

### स्वच्छ भारत अभियान का हिस्सा है निरीक्षण

बता दें कि कायाकल्प की टीम का यह निरीक्षण प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत अभियान का हिस्सा है। इस दौरान टीम द्वारा अस्पताल के हर हिस्से, जैसे वार्ड, पैथोलॉजी, फार्मेसी, लेबर रूम और पूरे परिसर की साफ-सफाई की जांच की जाती है। टीम द्वारा अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, मरीजों की देखभाल और स्वच्छता के मानकों का मूल्यांकन किया जाता है।

# एग्रीस्टैक फार्मर आईडी से ही मिलेगा योजनाओं का लाभः डीसी




झज्जर। बैठक में एग्रीस्टैक फार्मर आईडी कार्यक्रम की समीक्षा करते डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

- गांवों में विशेष अभियान चलाकर किसानों की फार्मर आईडी जनरेट करवाई जाए : उपायुक्त
- प्रशिक्षणाधीन पटवारियों की आईडी बनाकर उन्हें सौंपी जाए यह जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

प्रत्येक किसान के लिए एग्रीस्टैक फार्मर आईडी बनवाना अनिवार्य है। पीएम किसान सम्मान निधि सहित सभी कृषि एवं किसान कल्याण से जुड़ी सरकारी योजनाओं का लाभ इसी आईडी के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। गांवों में विशेष अभियान चलाकर किसानों की फार्मर आईडी जनरेट करवाई जाए तथा इस कार्य की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बैठक में एग्रीस्टैक फार्मर आईडी कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए। उन्होंने कहा कि गांवों में सीपीएलओ के साथ-साथ अब प्रशिक्षणाधीन पटवारियों सहित अन्य कर्मचारियों की भी सेवाएं भी इस कार्य में ली जाएंगी। प्रशिक्षणाधीन पटवारियों की आईडी बनाकर उन्हें गांवों में फार्मर आईडी बनाने के लिए सक्रिय किया जाए, ताकि निर्धारित समय सीमा में अधिक से अधिक किसानों की एग्रीस्टैक आईडी तैयार की जा सके।

## साल्हवास खंड के प्राथमिक शिक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

# प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियों की प्रगति ट्रैक करने की विधि समझाई

- मातनहेल व साल्हावास खंड के 162 प्राथमिक शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत मातनहेल और साल्हवास खंड के प्राथमिक शिक्षकों को दिया जा रहा दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बुधवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण में मातनहेल खंड से 88 तथा साल्हवास खंड से 74 शिक्षकों तथा मेंटर्स ने भाग लिया।

इस दौरान शिक्षकों को मुख्य रूप से हिंदी तथा गणित विषय के निपुण लक्ष्यों के अनुसार विद्यार्थियों की प्रगति को ट्रैक करना, दक्षता आधारित शिक्षण कार्य की रूपरेखा, रणनीतियां तथा रेमेडियल ट्रैकर के प्रयोग से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर की भूमिका मोनिका, सरिता, सुधा, प्रमिला, मुकेश, कृष्णा, नीतू और अनूप ने निभाई। समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राजबाला फोगाट, जयपाल दहिया एवं जिला निपुण समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने मुख्य रूप से शिरकत की। जिला एफएलएन समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि प्रशिक्षण में सीखी गई बारीकियों को कक्षाओं में लागू कर विद्यार्थियों को निपुण बनाएं। इस मौके पर डाइट प्राध्यापक मांगे राम, रमेश दहिया, सुमित कटारिया, संपर्क फाउंडेशन से अमित कुमार, खंड निपुण समन्वयक चेतना जठोल, वीरेंद्र सिंह, नीरज, सुरेंद्र अहलावत, कुलदीप आदि मौजूद रहे।



झज्जर। प्रशिक्षण लेने वाले प्राथमिक शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षण पवित्र और परिवर्तनकारी कार्य

खंड शिक्षा अधिकारी राजबाला फोगाट और जयपाल दहिया ने कहा कि शिक्षण एक ऐसा पवित्र और परिवर्तनकारी कार्य है, जो कक्षाकक्ष तक सीमित न होकर पूरे समाज की दिशा और दशा को नई ऊंचाइयों पर ले जाता है। इससे पूरे समाज को सही दिशा प्रदान की जा सकती है। सभी प्रतिभागियों को अधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## पीएमश्री स्कूल में एनएसएस शिविर

# स्वयंसेवकों को फायर सेफ्टी के तरीकों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादरी तोए में चल रहा सात दिवसीय एनएसएस शिविर बुधवार को संपन्न हो गया। शिविर के अंतिम स्वयंसेवकों ने पराली प्रबंधन का संदेश दिया। सातवें दिन की थीम हरा भरा हरियाणा व पराली प्रबंधन के अंतर्गत सिक्योरिटी प्रवक्ता कुलदीप ने स्वयंसेवकों को पराली से पेपर बनाने के तरीके की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय बिजनेस आईडियाज स्पर्धा में उनके स्कूल के विद्यार्थियों ने पराली से फूड पैकेजिंग उत्पाद जैसे कप,प्लेट, ट्रे व प्रिंटिंग पेपर बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। विजेता टीम अब राज्य स्तर पर अपना पराली प्रबंधन का तरीका प्रदर्शित करेगी। इसके अलावा उन्होंने फायर सेफ्टी व डिजास्टर मैनेजमेंट की जानकारी दी तथा स्वयंसेवकों को गैस सिलेंडर में लगी आग बुझाने के तरीका बताते हुए उसका अभ्यास भी कराया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी सुनील गुलिया, शालू, इतिहास प्रवक्ता ललिता, लिपिक रविंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।




झज्जर। अग्निशमन यंत्र की कार्य प्रणाली समझते स्वयंसेवक।

## दुकानों के आगे पक्के स्लैब तोड़ने से हड़कंप

# अंबेडकर चौक से पुराना बस स्टैंड रोड पर चला नालों की सफाई का काम

- गंदगी फैलने से कुछ दुकानदार दुकान बंद कर चले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था को लेकर नगर परिषद द्वारा शहर के नालों की सफाई की जा रही है। बुधवार को जेसीबी के जरिए दुकानों के सामने किए पक्के स्लैब तोड़कर नालों की सफाई की गई। ऐसे में दुकानदारों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। कुछ दुकानदार जहां अपनी दुकान बंद करके चले गए वहीं कई दुकानदार ऐसे भी रहे जो दुकानों के बाहर रखे अपने सामान को अंदर रखते दिखाई दिए। नालों की सफाई करने के कारण प्रभावित हुई दुकानदारी को लेकर दुकानदारों में रोष रहा। बड़े स्तर पर चलाए गए इस अभियान के दौरान अंबेडकर चौक से पुराना बस स्टैंड तक की दुकानों के सामने गंदगी फैली रही। दुकानदारों का कहना रहा कि गंदगी के कारण उनकी दुकानदारी प्रभावित हो रही है। गंदगी व बदबूदार माहौल के कारण ग्राहकी ना के बराबर रही। दुकानदारों का बैठना भी दूभर रहा।



झज्जर। अंबेडकर चौक पर नाला सफाई कार्य में जुटे कर्मचारी व सड़क पर पड़ी नाले से निकाली गई गंदगी। फोटो : हरिभूमि

### समय रहते उठाई जाएगी गंदगी : चेयरमैन

दुकानदार तरूण, अशोक, सचिन, प्रताप, अमन, राजीव सोनी, देव, हैप्पी, पप्पू, कृष्ण सैनी, अमनदीप, जसपाल, मोहित आदि ने कहा कि नालों की सफाई आवश्यक है लेकिन नगर परिषद को चाहिए कि वे इस प्रकार कार्य करे जिससे दुकानदारों को परेशानी न हो। नगर परिषद कर्मचारियों को चाहिए कि वह या तो रात को या फिर अलसुबह से ही सफाई कार्य चलाती तो उन्हें अधिक परेशानी नहीं आती। अब मलबा देर शाम तक उठाया जाएगा जिस कारण उनका पूरा दिन खराब जाएगा। नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने कहा कि सफाई कार्य के दौरान दुकानदारों को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। समय रहते नाले से निकाली गई गंदगी को उठा लिया जाएगा।



झज्जर। कैंप में पहुंचे लोगों को थेरेपी देते चिकित्सकीय टीम सदस्य।

## थेरेपी कैंप का 75 लोगों ने उठाया लाभ

झज्जर। क्षेत्र के गांव बिरधाना स्थित शिव मंदिर में बुधवार को निःशुल्क थेरेपी कैंप का आयोजन किया गया। इंडेप्थ विजन फाउंडेशन व सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा लगाए गए इस कैंप में करीब 75 ग्रामीणों ने लाभ उठाया। इस दौरान गुरुजी अमूल्या आयुर्वेदा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खानपुर के विशेषज्ञों ने सेवाएं दीं। टीम में शामिल डॉक्टर अनिल कुमार, डॉक्टर मोनू शर्मा, डॉक्टर जयवीर सिंह, डॉक्टर गीता मलिक, सुमन, डॉक्टर राजेश जांगड़ा, डॉक्टर जय किशन, डॉक्टर श्रवण कुमार, डॉक्टर रामबीर सिंह, डॉक्टर सुरेश कुमार तथा डॉक्टर गीता देवी ने थेरेपी के साथ-साथ ग्रामीणों को दैनिक व्यायाम करने, संतुलित दिनचर्या व स्वस्थ जीवन शैली बारे भी जागरूक किया। कैंप के समापन पर नवदीप बिरधाना ने चिकित्सकीय टीम प्रमुख डॉक्टर अनिल कुमार व डॉक्टर श्रवण कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर पूनम देशवाल, जतिन गुप्ता, कर्मबीर, सतवंती सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## जिला व उपमंडल स्तर पर आज आयोजित होंगे समाधान शिविर

झज्जर। जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से



वीरवार को जिला मुख्यालय सहित सभी उपमंडलों में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित होंगे। जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन लघु सचिवालय परिसर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में किया जाएगा। जिसमें डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल लोगों की समस्याएं सुनेंगे। वहीं उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में संबंधित एसडीएम लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

अपराधियों के हौसले पूरी तरह बुलंद

# जयदीप राठी के हत्यारों को मिले कड़ी सजा : शीला राठी

- राठी बोलीं- प्रदेश की सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह विफल साबित हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी ने कहा कि पानीपत में इनेलो जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी के भाई जयदीप राठी की अपहरण के बाद नृशंस हत्या बेहद दुखद, शर्मनाक और प्रदेश की कानून व्यवस्था पर करारा तमाचा है। इस वारदात से साफ है कि हरियाणा में आम नागरिक सुरक्षित नहीं हैं और अपराधियों के हौसले पूरी तरह बुलंद हो चुके हैं।

शीला नफे सिंह राठी ने पानीपत पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और उनके साथ इस अपार दुख को साझा किया। उनके अनुसार प्रदेश की मौजूदा सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि इनेलो के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक नफे सिंह राठी हत्याकांड को भी लगभग दो वर्ष बीतने को हैं, लेकिन आज तक आरोपियों और साजिशकर्ताओं के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### प्रदेश में अपराध चरम परः अशोक राठी

राठी खाप के प्रवक्ता अशोक राठी ने कहा कि समाज में भय का माहौल बनता जा रहा है और अपराध चरम सीमा पर है। इससे पहले भी इनेलो के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की सरेआम गोली मारकर हत्या की गई थी। हत्याकांड की गुत्थी अभी तक सुलझी नहीं थी कि पानीपत निवासी जयदीप राठी का अपहरण कर निर्मम हत्या कर दी गई। यह बेहद चिंताजनक है। सरकार और प्रशासन को इस मामले में केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई करनी होगी। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाना चाहिए। सैनी समाज के प्रधान रामनिवास सैनी, पूर्व प्रधान सोनू सैनी, पार्षद मोहित राठी, पूर्व पार्षद रेखा दलाल, महेंद्र राठी व बलबीर सांगवान आदि ने भी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।



झज्जर। कर्मचारियों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करते हुए पुलिस कर्मी।

## व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें

झज्जर। जिला पुलिस द्वारा साइबर अपराध की रोकथाम एवं आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को एक व्यापक साइबर अवेयरनेस अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी थाना प्रबंधकों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में जाकर विद्यार्थियों, औद्योगिक इकाइयों, भट्ठों व विभिन्न कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों तथा आम नागरिकों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। पुलिस टीम ने आमजन को बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी अत्यंत शातिर तरीके अपनाकर लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज, लिंक या ई-मेल पर बिना सत्यापन के प्रतिक्रिया न दें तथा अपनी व्यक्तिगत व बैंक संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। साइबर अपराध से संबंधित किसी भी घटना की जानकारी तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दे या नजदीकी पुलिस थाना या साइबर क्राइम सेल से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि समय पर सूचना देने से न केवल अपराधियों की पहचान संभव होती है, बल्कि ठगी की गई राशि को भी शीघ्र वापिस दिलाने में सहायता मिलती है।

## बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में 285वें सुंदरकांड पाठ का गायन किया

# सांवरिया मुझको...भजन पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

संगीतमयी प्रस्तुति में गाए मनमोहक भजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में 285वां सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुंदरकांड वाचक योगेश रंजन, पवन कौशिक, राजेंद्र वधवा, भारत भूषण नंदा, देवेश शर्मा, दिनेश दुजाना, पंकज भारद्वाज, आनंद कुमार, दीपक धीमान, रमेश लखेरा, केवल अरोड़ा, वीरबल मल्होत्रा, सुमन वधवा, प्रिया तनेजा, वीना वर्मा, सीमा तनेजा, विशन वधवा, हिमांशी अरोड़ा, शीला देवी चुघ सहित श्रद्धालुओं ने संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का सामूहिक गायन किया। वहीं भारत भूषण नंदा, योगेश रंजन, राजेंद्र वधवा ने सांवरिया मुझकों तेरा दीदार हो जाए, उजड़ा चमन मेरा फिर से गुलजार हो जाए...योगेश रंजन ने सुंदर फूलों के गले में हार प्रणाम कीजिए, गोरा जी के लाडले का नाम लीजिए...गणपति विध्न हरण सुख दाता, शिव शंकर है पिता तुम्हारे, पार्वती है माता..भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

इस मौके पर मंदिर समिति के उपप्रधान पदम् खट्टर, वेद बहल पाशु, सक्षम वर्मा, प्रदीप काठपालिया, भवित वर्मा, अनिल छाबड़ा, वंशु वर्मा, हेमंत वर्मा, सुरेश गाबा, जय प्रकाश गुप्ता सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।



झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में भजनों का आनंद लेते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

# शीतलहर ने बढ़ाईं मुश्किलें, बुजुर्गों को परेशान करने लगा जोड़ों का दर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- नागरिक अस्पताल के अलावा निजी अस्पतालों की ओपीडी में इजाफा

शीतलहर ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। शीतलहर के कारण बढ़ती ठंड का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। लोगों को शरीर के जोड़ों के दर्द की समस्याएं आ रही हैं। बड़े बुजुर्ग जोड़ दर्द की परेशानी लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर मोनिल कादियान ने बताया कि ठंड के कारण रक्त प्रवाह धीमा हो जाता है, जिस कारण जोड़ों में सूजन और दर्द बढ़ जाता है। इस मौसम में प्रदूषण का स्तर बढ़ने से शरीर में सूजन बढ़ाने वाले तत्व सक्रिय हो जाते हैं, जो इस दर्द को और बढ़ा देते हैं। एक तरफ जहां सर्दी-जुकाम, बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं।

**सर्दियों के मौसम आ सकती हैं ये परेशानियां :** डॉक्टर मोनिल कादियान ने बताया कि सर्दी के मौसम में लोगों द्वारा शारीरिक गतिविधियां कम कर दी जाती हैं तथा अधिक समय तक धूप नहीं मिलने के कारण शरीर में कैल्शियम और विटामिन डी की कमी आ जाती है। ठंडे मौसम के चलते शरीर के जोड़ों का प्राकृतिक तरल पदार्थ गाढ़ा हो जाता है जिस कारण दर्द महसूस होता है। इसके अलावा पुरानी चोटों पर भी सर्द हवाओं व नमी का विपरीत प्रभाव पड़ता है। विशेषज्ञों के अनुसार ठंड के विपरीत प्रभाव से बचने के लिए लोगों को नियमित हल्का व्यायाम करना चाहिए।



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में ओपीडी कार्ड बनवाने के लिए खड़े लोग। फोटो : हरिभूमि







बहादुरगढ़। बेटी पढ़ाने को लेकर नाटक प्रस्तुत करती स्वयंसेविकाएं, हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत करती स्वयंसेविकाएं व देशभक्ति गीत पर नृत्य करती हंशिका। फोटो : हरिभूमि

## एनएसएस कैंप में 7 दिनों तक दिया सामाजिक ज्ञान व कौशलपूर्ण प्रशिक्षण

# जतिन और महक को मिला सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का खिताब

एनएसएस शिविर के अंतिम दिन कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हुआ। सात दिनों तक चले शिविर में स्वयंसेवियों को विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और ज्ञानवर्धन बातों के साथ ही अन्य कौशलपूर्ण प्रशिक्षण भी दिए गए। जतिन और महक को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का खिताब दिया गया। बुधवार को एनएसएस शिविर के अंतिम दिन कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।



बहादुरगढ़। योग की दक्षता का प्रदर्शन करती सुहानी। फोटो : हरिभूमि

### सुहानी ने योग नृत्य करके सबका मन मोहा

स्वयंसेविका सुहानी ने योग आधारित नृत्य करके सबका मन मोह लिया। मुस्कान, सलोनी, डिंपल, हंशिका, साक्षी व आरती ने हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत करके समा बांध दिया। राधिका ने राष्ट्रीय सेवा योजना पर आधारित दिल को छू लेने वाली एक कविता का पाठ किया। अंतिम दिन बीईओ शेर सिंह ने स्वयंसेवियों से शिविर में प्राप्त ज्ञान से समाज सेवा करने एवं सभ्य नागरिक बनने का आह्वान किया। एनएसएस के जिला समन्वयक अनिल ढुल ने कहा कि एनएसएस शिविर विद्यार्थियों में सेवा भाव, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व और नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। बहादुरगढ़ पत्रकार संघ के अध्यक्ष रवींद्र राठी ने समाज में सेवा का महत्व समझाते हुए स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्वयं सेवियों से शिविर में सीखे गए संस्कारों और अनुभवों को अपने दैनिक जीवन में उतारने का आह्वान किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राकेश वत्स ने स्वतंत्रता सेनानियों के विचारों के बारे में बताते हुए उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य मंजू रानी ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। आयोजन में पारुल शर्मा और तृप्ति वर्मा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। सुमित्रा तेवतिया ने कोरोना के दौरान लिखी अपनी कविता सुनाई। इस अवसर पर दिनेश भारद्वाज, पवन काजला, बिशन सिंह व अमरदीप आदि मौजूद रहे।

# हिंदी, मैथिली व हरियाणवी कवियों ने सजाया कविताओं का मंच

सुवन सूर्योदय द्वारा श्री रामा भारती पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में कवियों का स्वागत करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था सुवन सूर्योदय द्वारा श्री रामा भारती पब्लिक स्कूल में हिंदी, मैथिली व हरियाणवी के काव्योत्सव का आयोजन किया गया। गीतकार कृष्ण गोपाल विद्यार्थी की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में एनसीआर के 20 रचनाकारों ने अपनी भावनाएं कविताओं के माध्यम से व्यक्त कीं। कार्यक्रम का संचालन कवयित्री अर्चना झा हिना ने किया।

काव्योत्सव का शुभारंभ वीणा देवी द्वारा दीप प्रज्वलित करने के साथ मैथिल लोकगायिकाओं द्वारा विद्यापति की रचना जय जय भैरवी.. के गायन से हुआ। अनुष्का, पंकजा, दिव्यांशी व सौम्या ने अपने लोक नृत्य एवं लोक गीत से दर्शकों को भाव विभोर किया। दिवंगत सूर्य नारायण झा को समर्पित इस कार्यक्रम में संयोजक अर्चना झा हिना व नित्यानंद नवीन ने संदीप श्रीवास्तव व सुरेश पांडे का स्वागत किया। मौके पर केदारनाथ झा, अखिलेश मिश्रा, हीरा ठाकुर, शिवम झा कबर व प्रदीप सिन्हा भी उपस्थित रहे। काव्योत्सव में राजीव कुमार एकांत, कैलाश कुमार झा, विनय कुमार, कविता पाठक, प्रभा झा, आनंद दास, आशुतोष मिश्र, अखिलेश, मुकेश, वंदना, प्रेम चौधरी, शुभम वत्स, जगबीर कौशिक, वीरेंद्र कौशिक, वेद भारती, सुनीता श्री, सुरेश कौशिक, मुन्ना कुमार, ओपी नारंग व अखिलेश आदि ने काव्यपाठ किया।

### कुआं पूजन कर मनाई बेटी के जन्म की खुशी

*बहादुरगढ़। शहर के आर्य नगर में एक परिवार ने बेटी के जन्म की खुशी कुआं पूजन कर मनाई। वे तमाम रस्में की गई जो बेटे के जन्म पर निभाई जाती हैं। महिलाओं ने मंगल गीत गाए तो बुजुर्गों ने नवजात कन्या व उसकी मां को आशीर्वाद दिया। आर्य नगर निवासी अजय सिंह रुहिल की पत्नी योगिता ने 8 दिसंबर को संतान के रूप बेटी को जन्म दिया। खुशी को दूसरों के साथ साझा करने के लिए परिवार की ओर से कुआं पूजन का कार्यक्रम किया गया। दादा राजेंद्र सिंह व दादी सुदेश भी पोती के जन्म से बहुत खुश हैं।*



### शूटिंग प्रतियोगिता में चार खिलाड़ी क्वालीफाई

बहादुरगढ़। दिल्ली स्थित डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में हुई 68वीं नेशनल 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप में टॉप विनर शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार निशानेबाजी का प्रदर्शन कर उन्होंने इंडिया राउंड्स के लिए क्वालीफाई किया है। प्रतियोगिता में अकादमी के चार होनहार शूटरों ने अनुभव, कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास के दम पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।




बहादुरगढ़। कंपनी कर्मचारियों को जागरूक करते चौकी प्रभारी राजेंद्र कुमार।

## कंपनी के कर्मचारियों को साइबर फ्रॉड के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

सेक्टर 16-17 चौकी प्रभारी राजेंद्र कुमार ने एक कंपनी के कर्मचारियों को साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में साइबर ठग नए-नए तरीकों से लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। साइबर अपराधी मुख्य रूप से लालच, डर और लापरवाही का फायदा उठाकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। अगर व्यक्ति सतर्क रहे और किसी भी प्रकार की संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक पर बिना जांच किए प्रतिक्रिया न दे, तो साइबर फ्रॉड से बचा जा सकता है। साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने या नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करने की सलाह दी गई।

# देश की पहली रोवर व रेंजर जंबूरी के लिए दल रवाना

डीओसी स्काउट डॉ. राजेंद्र व डीओसी गाइड मैनावंती के नेतृत्व में 43 प्रतिभागी गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के तत्वावधान में देश की पहली राष्ट्रीय रोवर व रेंजर जंबूरी का आयोजन शुक्रवार से छत्तीसगढ़ के बालौद में किया जाएगा। बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी रतींद्र सिंह व डिप्टी डीईओ अनिल कुमार ने दल के सदस्यों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह जंबूरी उनके व्यक्तित्व विकास और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने प्रतिभागियों को अनुसासन में रहते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।




झज्जर। स्काउट्स एंड गाइड्स के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए डीईओ रतींद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

डीईओ ने बताया कि डीओसी स्काउट्स व पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादरी तोए के प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र व डीओसी गाइड मैनावंती के नेतृत्व में 43 प्रतिभागियों का दल भाग इस जंबूरी में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा। दल में मुख्य रूप से पीएमश्री राजकीय स्कूल दादरी तोए से सतीश कुमार के साथ 8 स्काउट्स व 7 गाइड्स, पीएमश्री राजकीय स्कूल माछरौली से विकास यादव के साथ 8 स्काउटस, राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल माजरा-डी से सोनू कुमार के साथ 6 स्काउट्स, राजकीय कन्या स्कूल भदानी से 3 गाइड तथा झज्जर ओपन ग्रुप से 6 गाइड्स शामिल हैं।

### स्काउट्स के प्रशिक्षकों ने भी खुशी जताई

इस ऐतिहासिक आयोजन में जिले की भागीदारी पर स्काउट्स और गाइड्स के प्रशिक्षकों ने भी खुशी जताई है। जंबूरी में एग्जीबिशन, स्किल-ओ-रामा, कलर पार्टी, परेड, बैंड, रंगोली प्रदर्शनी, फूड प्लाजा, कैंप फायर, ग्रुप डांस स्टेट गेट, कैंप क्राफ्ट, पीजेंट शो, ग्लोबल डेवलेपमेंट विलेज आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्काउटिंग तथा सांस्कृतिक गतिविधियों से स्वयंसेवक अपने स्काउटिंग गाइडिंग कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी रूपेंद्र नांदल, प्राचार्य महताब सिंह, राजकुमार, भूप सिंह आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। सीएम नायब सैनी से चर्चा करते चिराग पुरुथी। फोटो : हरिभूमि

### शामलात भूमि को लेकर सीएम से मिले व्यापारी

बहादुरगढ़। भाजपा नेता चिराग पुरुथी ने बुधवार को दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बहादुरगढ़ मेन बाजार के व्यापारियों के साथ शामलात भूमि के विषय पर चर्चा की। अब वे शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों से इस सिलसिले में मिलकर इस समस्या को हल करवाने का प्रयास करेंगे।

# नेशनल बिलियड्र्स व स्नूकर चैंपियनशिप शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी में स्थित शाइनिंग स्टार्स बैडमिंटन अकादमी में बुधवार को 92वीं एसबीए राष्ट्रीय बिलियड्र्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप का उद्घाटन समारोहपूर्वक हुआ। आयोजन समिति ने मेजबानी के लिए एचएल सिटी एवं जीडी गोयनका स्कूल की चेयरपर्सन शैलजा जून के प्रति आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त की।

भारतीय बिलियड्र्स एवं स्नूकर टीम के मुख्य कोच अशोक शांडिल्य भी उद्घाटन समारोह में विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने उम्मीद जताई कि देशभर से आए खिलाड़ी बिलियड्र्स एवं स्नूकर में अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन करेंगे। आयोजकों ने इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों वाला उत्कृष्ट आयोजन स्थल उपलब्ध करवाने के लिए एचएल सिटी के चेयरमैन राकेश जून का भी आभार जताया। खेलों को प्रोत्साहित करने एवं उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की उनकी प्रतिबद्धता को भी राहा। एचएल सिटी में उपलब्ध उत्कृष्ट बुनियादी ढांचा, सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं एवं खिलाड़ियों के अनुकूल वातावरण, खेलों को जमीनी स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रोत्साहित करने के प्रति शैलजा जून के दूरदर्शी दृष्टिकोण एवं समर्पण को भी रेखांकित किया। इस दौरान हरियाणा बिलियड्र्स एवं स्नूकर एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज नैन की भूमिका को भी विशेष रूप से सराहा गया।




बहादुरगढ़। उद्घाटन समारोह में मंचासीन शैलजा जून व आयोजक। फोटो : हरिभूमि

स्वस्थ, नशामुक्त समाज के निर्माण का दिया संदेश

# स्वयंसेविकाओं के साथ प्रिंसिपल और स्टॉफ हुआ सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला-सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया ने वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं को प्राचार्या व स्टॉफ समेत सम्मानित किया। नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत समाज में जागरूकता फैलाने के लिए उल्लेखनीय योगदान देने पर उन्हें यह सम्मान मिला।

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने 6 दिसंबर से 6 जनवरी तक बामड़ोली, परनाला, कुलासी, सांखोल समेत विभिन्न गांवों में जाकर रैलियों, नुक्कड़ नाटकों, जागरूकता संवाद के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया तथा स्वस्थ, नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। इन 11 स्वयंसेविकाओं के साथ प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा, वाईआरसी काउंसलर दिव्या बंसल, सुनीता रानी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अन्नू शर्मा, आउटरीच इंचार्ज प्रीत कमल तथा एंटी ड्रग सेल की संयोजिका सारिका को सम्मानित किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में उन्हें यह सम्मान दिया।



बहादुरगढ़। स्वयंसेविकाओं को सम्मानित करते जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। सीएम नायब सैनी से मुलाकात करते संजय सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### समस्याओं को लेकर सीएम से मिले भाजपाई

बहादुरगढ़। भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य संजय सैनी के नेतृत्व में कई कार्यकर्ताओं ने मंगलवार रात सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। इस दौरान बहादुरगढ़ में चल रही राजनीतिक गतिविधियों एवं विकास कार्यों पर चर्चा की। एससी मोर्चा अध्यक्ष विनय वाल्मीकि ने बाग वाले मोहल्ले में वर्षों पुरानी जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करवाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मंडल उपाध्यक्ष दीपक सैनी ने भी कई समस्याएं सीएम के समक्ष रखीं। इस अवसर पर आशु सैनी, रविंद्र राठी, धर्मेंद्र सैनी व संदीप सैनी आदि उपस्थित रहे।




बहादुरगढ़। हरियाणा शूटिंग बॉल टीम के साथ अनिल खत्री व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### नेशनल शूटिंग बॉल चैंपियनशिप के लिए टीम रवाना

बहादुरगढ़। हरियाणा की सीनियर लड़के एवं लड़कियों की शूटिंग बाल की टीम 44वीं सीनियर नेशनल शूटिंग बाल चैंपियनशिप के लिए रवाना हो गई। यह स्पर्धा 9 से 11 जनवरी 2026 को सोलापुर महाराष्ट्र में आयोजित हो रही है। हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट अनिल खत्री, हरियाणा तैराकी संघ के सह सचिव सुरेश जून, सुरेंद्र ठेकेदार, रिटायर्ड डीएसओ रमेश हुड्डा, रिटायर्ड डीपी सतबीर देसवाल और जेपी कादयान आदि ने टीम को शुभकामनाएं देकर रवाना किया। हरियाणा की लड़कों की टीम में राकेश सिरसा से, हितेन, कार्तिक, फतेहाबाद से, सुरेश और मोनू हिसार से, रोबिन भिवानी से, कृष्ण और नितेश फरीदाबाद से, राहुल जून गुरुग्राम से, सुमित, नवदीप और जयप्रकाश झज्जर से खिलाड़ी है। टीम के मैनेजर मुकुल कुमार होंगे। लड़कियों में शर्मिला हिसार से, तनु और मुस्कान करनाल से, सुमित, शर्मिला और आरती भिवानी से, सुनिधि, तनु, नेहा, दीपिका और अंशु झज्जर से, हिना रोहतक से, शामिल है। इस टीम के कोच राजेश कुमार और मैनेजर सुमित है।

## वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में हुआ पुरस्कार वितरण कार्यक्रम

# अनुज गुप्ता की स्मृति में 80 मेधावी छात्राओं को दी छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

अनुज गुप्ता मेमोरियल सोसायटी द्वारा बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता के दिवंगत पुत्र अनुज गुप्ता की 45वीं जयंती के अवसर पर वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वैश्य कॉलेजों व स्कूल में प्रथम स्थान पाने वाली मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

इसमें ब्रह्मकुमारी अंजलि दीदी और हरियाणा के अग्रवाल वैश्य समाज के प्रधान अशोक बुवानीवाला ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के प्रारंभ में 2 मिनट का मौन धारण करके सभी ने अनुज गुप्ता को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की 48, बीएड कॉलेज की 6 छात्राओं तथा स्कूल की 26 छात्राओं को अनुज गुप्ता की मां रंजना देवी व परिजनों द्वारा स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया गया। अशोक बुवानीवाला, ब्रह्मकुमारी अंजलि दीदी, प्राचार्य डॉ. राजवंती शर्मा, पवन जैन, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. शालू शर्मा ने भी अनुज गुप्ता की यादों को सांझा करते हुए भावांजलि अर्पित की।




बहादुरगढ़। टॉपर छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि व आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर श्रीनिवास गुप्ता, सहदेव गुप्ता, मनीषा गुप्ता, सरला गुप्ता, सुशील सिंगल, सावित्री सिंगल, सुरेश अग्रवाल, हरिओम गुप्ता, अशोक गोयल, राजबीर बंसल, प्रेमचंद बंसल, आशीष गुप्ता, राजपाल शर्मा, यशपाल गांधी, पवन अग्रवाल, प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा, सत्यनारायण अग्रवाल, मनोज गुप्ता, एसके अग्रवाल, प्रधानाचार्य अंजू अग्रवाल व अजय गुप्ता आदि मौजूद रहे। अंजू चौधरी ने मंच संचालन किया।*

### जनगणना के लिए नियुक्त स्टॉफ का प्रशिक्षण कराएं

झज्जर। भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना 2027 देश के प्रशासनिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही है, क्योंकि यह भारत की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने जनगणना की तैयारियों को लेकर आयोजित जिला स्तरीय बैठक में अधिकारियों को यह जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना के लिए नियुक्त स्टॉफ का प्रशिक्षण कराएं। प्रशिक्षण में सभी बिंदुओं को सही तरीके से कवर करें। बैठक में गृह मंत्रालय भारत सरकार की ओर से नियुक्त जिला जनगणना समन्वयक मोहित कुमार ने डिजिटल जनगणना प्रक्रिया की विस्तार से बिंदुवार जानकारी दी। जनगणना कार्य की तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं। सभी गांवों, शहरों, खंडों, तहसीलों और जिलों की लिस्टिंग हो चुकी है। जनगणना पूरी होने तक अब कोई भी बदलाव नहीं होगा।